**प्रसार भारती**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**16.07.2026 / प्रादेशिक समाचार / 15:00बजे**

**राजनाथ सिंह – बीआरओ**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि सरकार का प्रयास एक ऐसे भारत का निर्माण करना है जहां सीमाएं न केवल सुरक्षित हों बल्कि अच्छी तरह से जुड़ी हुई भी हों। उन्होंने कहा कि सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि विकास और राष्ट्रीय सुरक्षा एक ही दिशा में आगे बढ़ें। नई दिल्ली में एक कार्यक्रम में रक्षा मंत्री ने कहा कि उन्नत अवसंरचना हमेशा से विकसित सभ्यता की पहचान रही है। उन्होंने कहा कि आज की अवसंरचना आने वाले वर्षों में देश की सभ्यता को परिभाषित करेगी। रक्षा मंत्री ने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि किसी भी दूरस्थ क्षेत्र में रहने वाला कोई भी नागरिक मुख्यधारा से कटा हुआ महसूस न करे।

-------------------------------------------------

**शिवराज**

केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सतत कृषि विकास सुनिश्चित करने के लिए किसानों के बीच एकीकृत कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल दिया। नई दिल्ली में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद– आई.सी.ए.आर के स्थापना दिवस पर उन्होंने वैज्ञानिकों से किसानों की जरूरतों पर आधारित अनुसंधान करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि देश ने 376 करोड़ टन खाद्यान्न उत्पादन का रिकॅार्ड बनाया है और पिछले वर्ष 44 फसलों के साथ 386 नई फसल की किस्में और 117 बागवानी किस्में विकसित की गई हैं।

-------------------------------------------------

**एयरपोर्ट**

राज्य सरकार ने वर्षों से सरकारी भूमि पर बने मकानों और अन्य निर्माण ढांचों के लिए मुआवजा देने का निर्णय लिया है। कांगड़ा एयरपोर्ट विस्तार से प्रभावित परिवारों को इस फैसले के तहत करीब 68 करोड़ रूपए मुआवजे के रूप में वितरित किए जाएंगे। इससे सरकारी जमीन पर रह रहे सौ से अधिक परिवारों को लाभ मिलेगा। उपायुक्त हेमराज बैरवा ने बताया कि निजी भूमि का मुआवजा प्रभावितों को पहले ही दिया जा चुका है जबकि अब सरकार ने सरकारी भूमि पर बने मकानों और अन्य ढांचों के लिए भी राहत देने की मंजूरी प्रदान कर दी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि ये मुआवजा केवल भवन व निर्माण कार्य का होगा, सरकारी भूमि का नहीं। उपायुक्त ने बताया कि प्रभावित परिवारों को

मुआवजा केस –टू –केस आधार पर दिया जाएगा। हेमराज बैरवा ने बताया कि एयरपोर्ट विस्तार योजना से कांगड़ा जिला में करीब 9 सौ 42 परिवार प्रभावित हो रहे हैं।

.............................................

**स्क्रब टाइफस**

सोलन जिला में स्क्रब टाइफस के तीन मामलों की पुष्टि होने के बाद स्वास्थ्य विभाग सतर्क हो गया है। विभाग ने सभी खंड चिकित्सा अधिकारियों सहित पंचायतों को बीमारी की रोकथाम और बचाव संबंधी दिशा–निर्देश जारी किए हैं, ताकि संक्रमण को फैलने से रोका जा सके। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अजय पाठक ने बताया कि जिले में स्क्रब टाइफस के तीन मामले सामने आने पर स्वास्थ्य विभाग ने एडवाइजरी जारी करते हुए लोगों से सतर्कता बरतने की अपील की है।

.............................................

**प्रतिबंध**

बरसात के मौसम को देखते हुए कुल्लू ज़िला में 15 जुलाई से 15 सितंबर तक साहसिक गतिविधियों पर रोक लग गई है। प्रशासन द्वारा घाटी में बरसात के चलते और सैलानियों की सुरक्षा को देखते हुए यह फ़ैसला हर साल लिया जाता है। अब दो महीने तक रिवर राफ्टिंग और पैराग्लाइडिंग जैसी साहसिक गतिविधियों नहीं हो सकेगी। जिला पर्यटन अधिकारी रोहित शर्मा ने सभी पर्यटन इकाइयों को आदेश जारी कर दिए हैं। उन्होंने कहा की यदि कोई इसका उल्लंघन करता है तो उस पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

.............................................